स्नातक (UG) नामांकन, सत्र 2026–2030

प्रथम मेधा सूची के आधार पर नामांकन प्रक्रिया संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश

प्रथम मेधा सूची में चयनित सभी अभ्यर्थियों को निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य होगा-

चरण–1 : सीट आवंटन स्वीकार करना (Student Login)

1. Samarth Admission Portal पर अपनी पंजीकृत **User ID एवं Password** से लॉगिन करें।
2. **Seat Allocation** में अपना आवंटित महाविद्यालय एवं विषय देखें।
3. यदि आवंटित सीट स्वीकार है, तो **"Accept Allocation"** पर क्लिक करें।
4. सीट स्वीकार करने के पश्चात **Allotment/Admission Offer Letter** स्वतः उपलब्ध होगा। इसका प्रिंट निकालकर सुरक्षित रखें।
5. इसके बाद निर्धारित तिथि के भीतर आवंटित महाविद्यालय में सभी आवश्यक मूल दस्तावेजों एवं उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन कराना अनिवार्य होगा।

चरण–2 : महाविद्यालय द्वारा दस्तावेज सत्यापन (College Admin Login)

महाविद्यालय द्वारा-

- अभ्यर्थी के सभी अपलोड किए गए दस्तावेजों का मूल प्रमाण-पत्रों से मिलान किया जाएगा।
- Allotment Letter का सत्यापन किया जाएगा।
- सभी अभिलेख सही पाए जाने पर दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया पोर्टल पर पूर्ण (Save) की जाएगी।

चरण–3 : महाविद्यालय द्वारा नामांकन स्वीकृति (College Admin Login)

दस्तावेज सत्यापन सफल होने के बाद महाविद्यालय-

- अभ्यर्थी का नामांकन स्वीकृत (Accept Admission) करेगा।
- शुल्क (Fee) निर्धारित कर **Fee Lock** करेगा।
- तत्पश्चात ऑनलाइन शुल्क भुगतान का विकल्प (Fee Payment Option) अभ्यर्थी के पोर्टल पर उपलब्ध हो जाएगा।

चरण–4 : शुल्क भुगतान एवं नामांकन पूर्ण करना (Student Login)

1. अभ्यर्थी पुनः Samarth Portal पर लॉगिन करें।
2. पोर्टल पर प्रदर्शित शुल्क निर्धारित ऑनलाइन माध्यमों से जमा करें।
3. जिन अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय के नियमानुसार शुल्क में छूट (Fee Exemption) प्राप्त है, वे केवल **Submit** बटन पर क्लिक करें।
4. शुल्क भुगतान/Submit की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात **Acknowledgement Letter** स्वतः जनरेट हो जाएगा। जो संबंधित महाविद्यालय के login पर भी उपलब्ध हो जायेगा।
5. इसके साथ ही अभ्यर्थी का नामांकन अंतिम रूप से पूर्ण (Admission Locked) माना जाएगा।

आवश्यक दस्तावेज

- आवेदन प्रपत्र (Application Form)
- Allotment/Admission Offer Letter
- मैट्रिक अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र
- इंटरमीडिएट अंकपत्र (Original/DigiLocker)
- SLC/CLC (Original) (यदि लागू हो)
- Migration Certificate (यदि लागू हो)
- जाति प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
- आय प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
- निवास प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
- दिव्यांगता प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
- आधार कार्ड
- APAAR ID / ABC ID
- 04 पासपोर्ट आकार के नवीनतम रंगीन फोटो
- उपरोक्त सभी दस्तावेजों की एक स्वप्रमाणित (Self-attested) छायाप्रति

महत्वपूर्ण सूचना

- जिन अभ्यर्थियों को **प्रथम मेधा सूची में कोई सीट आवंटित नहीं हुई है (No Seat Allotted)**, उन्हें फिलहाल कोई कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं है।
- ऐसे अभ्यर्थी आगामी मेधा सूची (Next Merit List) की प्रतीक्षा करें। उनका चयन संबंधित विषयों में उपलब्ध रिक्त सीटों के आधार पर किया जा सकता है ।
- सभी अभ्यर्थी निर्धारित तिथि के भीतर ही दस्तावेज सत्यापन एवं शुल्क भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण करें। विलंब होने पर सीट स्वतः निरस्त की जा सकती है।
- विश्वविद्यालय एवं संबंधित महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन करना सभी अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य होगा।